No. UD-A(3)-1/2013-I.
Government of Himachal Pradesh
Department of Urban Development.

To

The Secretary.
H.P. Vidhan Sabha,
Shimla-171004.

Dated:Shimla-2, the 17-8-2016.

Subject: Introduction of "Himachal Pradesh Municipal (Amendment) Bill, 2016.

Sir,

I have the honour to give notice of my intention to introduce the "Himachal Pradesh Municipal (Amendment) Bill, 2016" in the current session of Himachal Pradesh Legislative Assembly.

I, therefore, request you to obtain the permission from the Hon'ble Speaker to include the aforesaid Bill in the list of business for introduction, consideration and passing the same in the current session in relaxation of relevant rules.

Three authenticated copies of the above mentioned Bill are enclosed, herewith.

Yours faithfully,

[Sudhir Sharma]
U.D. Minister, H.P.

2016 का विधेयक संख्यांक 16

हिमाचल प्रदेश नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2016

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

हिमाचल प्रदेश नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2016

खण्डों का क्रम

खण्ड :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ।
2. धारा 10 का संशोधन
3. धारा 82 का संशोधन।
4. धारा 83 का संशोधन
5. धारा 111 का संशोधन।
6. धारा 113 का संशोधन।
7. धारा 114 का संशोधन।
8. धारा 115 का संशोधन।
9. धारा 124 का संशोधन।
10. धारा 125 का संशोधन
11. धारा 126 का संशोधन।
12. धारा 127 का संशोधन।
13. धारा 128 का संशोधन।
14. धारा 129 का संशोधन।
15. धारा 133 का संशोधन।
16. धारा 135 का संशोधन।
17. धारा 140 का संशोधन।
18. धारा 143 का संशोधन
19. धारा 146 का संशोधन।
20. धारा 148 का संशोधन।
21. धारा 149 का संशोधन।
22. धारा 150 का संशोधन।
23. धारा 152 का संशोधन।
24. धारा 159 का संशोधन।
25. धारा 162 का संशोधन
26. धारा 166 का संशोधन।
27. धारा 172 का संशोधन
28. धारा 173 का संशोधन

29. धारा 175 का संशोधन
30. धारा 180 का संशोधन।
31. धारा 183 का संशोधन।
32. धारा 184 का संशोधन।
33. धारा 191 का संशोधन।
34. धारा 192 का संशोधन।
35. धारा 193 का संशोधन।
36. धारा 196 का संशोधन।
37. धारा 197 का संशोधन।
38. धारा 198 का संशोधन।
39. धारा 199 का संशोधन।
40. धारा 200 का संशोधन।
41. धारा 207 का संशोधन।
42. धारा 211 का संशोधन।
43. धारा 221 का संशोधन।
44. धारा 227 का संशोधन।
45. धारा 237 का संशोधन।
46. धारा 240 का संशोधन।
47. धारा 248 का संशोधन।
48. धारा 279 का संशोधन।
49. धारा 292 का संशोधन।

हिमाचल प्रदेश नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2016

(विधान सभा में पुरःस्थापित रूप में)

हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्यांक 13) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

भारत गणराज्य के सड़सठवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ।

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2016 है।

5 (2) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जो राज्य सरकार राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा नियत करे।

धारा 10 का संशोधन।

2. हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (जिसे इसमें इसके पश्चात् "मूल अधिनियम" कहा गया है) की धारा 10 की उपधारा (4) में, "नगरपालिका प्रशासन" शब्दों के पश्चात् "का विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले
10 व्यक्तियों, यथास्थिति, नगर पंचायतों में तीन से अनधिक और नगरपालिका परिषद् में चार से अनधिक, को सदस्यों के रूप में नामनिर्देशित कर सकेगी" शब्द और चिन्ह अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

धारा 82 का संशोधन।

3. मूल अधिनियम की धारा 82 की उपधारा (2) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक पांच सौ रूपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक
15 से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

धारा 83 का संशोधन।

4. मूल अधिनियम की धारा 83 की उपधारा (5) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा, और अनवरत भंग की दशा में, ऐसे अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दिन के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान भंग होता रहता है, दस रुपये होगा" शब्दों और चिन्हों के स्थान
20 पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए होगा, और अविरत भंग की दशा में, ऐसे अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दिन के पश्चात्

प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान भंग जारी रहता है, पचास रुपए होगा'' शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे।

धारा 111 का संशोधन।

5. मूल अधिनियम की धारा 111 की उपधारा (4) में ''पच्चीस रुपये तथा अधिक से अधिक पांच सौ रुपये'' शब्दों के स्थान पर ''पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए'' शब्द रखे जाएंगे। 5

धारा 113 का संशोधन।

6. मूल अधिनियम की धारा 113 में, ''पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये'' शब्दों के स्थान पर ''पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए'' शब्द रखे जाएंगे और इस प्रकार संशोधित धारा 113 के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

''परन्तु कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियन्त्रित करने के लिए सम्बद्ध नगरपालिका, शहरी या नगरपालिका के साथ लगते क्षेत्र में अवस्थित पशुपालन विभाग की सहायता से स्वामी के खर्चे पर, ऐसी दर पर, जैसी समय–समय पर नगरपालिका द्वारा अधिसूचित की जाए, पालतू/आवारा कुत्तों का बन्ध्याकरण/टीकाकरण करने के लिए, पग उठा सकेगी और आवारा और अनभिज्ञात कुत्तों की दशा में ऐसा खर्चा नगरपालिका निधि में से वहन किया जाएगा।''। 10 15

धारा 114 का संशोधन।

7. मूल अधिनियम की धारा 114 में, ''बीस'' शब्द के स्थान पर ''दो सौ'' शब्द रखे जाएंगे।

धारा 115 का संशोधन।

8. मूल अधिनियम की धारा 115 में, ''बीस'' शब्द के स्थान पर ''दो सौ'' शब्द रखे जाएंगे। 20

धारा 124 का संशोधन।

9. मूल अधिनियम की धारा 124 की उपधारा (2) में, ''पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए जिसके दौरान अपराध होता रहता है, अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो दस रुपये होगा'' शब्दों और चिन्हों के स्थान पर ''पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए होगा और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध जारी रहता है, अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पचास रुपए होगा'' शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे। 25

10. मूल अधिनियम की धारा 125 की उपधारा (4) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध चालू रहता है, दस रुपये" शब्दों और चिन्हों के स्थान पर "एक हजार रुपए और अधिक से अधिक चार हजार रुपए होगा और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध जारी रहता है, एक सौ रुपए" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे। धारा 125 का संशोधन।

11. मूल अधिनियम की धारा 126 की उपधारा (3) में, "एक सौ रुपये और अधिक से अधिक एक हजार रुपये होगा और यदि भंग चालू रहने वाला हो तो अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान प्रथम भंग के पश्चात् भंग चालू रहता है, एक सौ रुपये होगा" शब्दों और चिन्हों के स्थान पर "दो हजार पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दस हजार रुपए होगा और यदि भंग जारी रहता है तो प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, प्रथम भंग के पश्चात् जिसके दौरान भंग जारी रहता है, दो सौ रुपए के अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे। धारा 126 का संशोधन।

12. मूल अधिनियम की धारा 127 की उपधारा (2) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा और चालू रहने वाले अपराध की दशा में अतिरिक्त शास्ति का दायी होगा, जो प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध होता रहता है, पचास रुपये हो सकती है" शब्दों और चिन्हों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए होगा और यदि अपराध जारी रहता है तो अतिरिक्त शास्ति, जो प्रत्येक ऐसे दिन के लिए जिसके दौरान अपराध जारी रहता है, एक सौ रुपए हो सकती है" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे। धारा 127 का संशोधन।

13. मूल अधिनियम की धारा 128 की उपधारा (2) में, "पचास रुपये और अधिक से अधिक पांच सौ रुपये होगा और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध होता रहता है, पचास रुपये के अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा" शब्दों और चिन्हों के स्थान पर "एक हजार रुपए और अधिक से अधिक पांच हजार रुपए होगा और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध जारी रहता है, दो सौ रुपए के अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे। धारा 128 का संशोधन।

धारा 129 का संशोधन।

14. मूल अधिनियम की धारा 129 की उपधारा (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रखी जाएगी, अर्थात् :—

"(3) जो कोई इस धारा के उपबंधों के उल्लंघन में किसी प्रकार की सीटी, तुरही या अन्य किसी यन्त्र को प्रयुक्त करता है या उसे उपयोग में लाता है तो वह जुर्माने से जो कम से कम पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए, और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध जारी रहता है, पचास रुपए के अतिरिक्त जुर्माने से, दण्डनीय होगा।"।

धारा 133 का संशोधन।

15. मूल अधिनियम की धारा 133 की उपधारा (2) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा, और कोई नोटिस जारी किए जाने पर हटाए जाने के लिए अनुज्ञात अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध होता रहता है, दस रुपये के अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा" शब्दों और चिन्हों के स्थान पर "पाँच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए होगा, और यदि कोई नोटिस जारी किया जाता है तो हटाए जाने के लिए अनुज्ञात अवधि की समाप्ति के पश्चात्, जिसके दौरान अपराध जारी रहता है, प्रत्येक दिन के लिए पचास रुपए के अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे।

धारा 135 का संशोधन।

16. मूल अधिनियम की धारा 135 में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

धारा 140 का संशोधन।

17. मूल अधिनियम की धारा 140 की उपधारा (2) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

धारा 143 का संशोधन।

18. मूल अधिनियम की धारा 143 में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

धारा 146 का संशोधन।

19. मूल अधिनियम की धारा 146 में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

20. मूल अधिनियम की धारा 148 में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 148 का संशोधन।

21. मूल अधिनियम की धारा 149 में,— धारा 149 का संशोधन।

(क) उपधारा (1) में, "पचास रुपये के और पश्चात्वर्ती प्रत्येक ऐसे अपराध के लिए एक सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए के और प्रत्येक पश्चात्वर्ती अपराध के लिए एक हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे; और

(ख) उपधारा (3) में, "पांच सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "एक हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

22. मूल अधिनियम की धारा 150 में, "पचास रुपये" शब्दों के स्थान पर "एक हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 150 का संशोधन।

23. मूल अधिनियम की धारा 152 की उपधारा (1) में, "पांच सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 152 का संशोधन।

24. मूल अधिनियम की धारा 159 में, "पच्चीस रुपये, और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 159 का संशोधन।

25. मूल अधिनियम की धारा 162 में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपए" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 162 का संशोधन।

26. मूल अधिनियम की धारा 166 की उपधारा (3) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 166 का संशोधन।

27. मूल अधिनियम की धारा 172 की उपधारा (4) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 172 का संशोधन।

धारा 173 का संशोधन।

28. मूल अधिनियम की धारा 173 की उपधारा (4) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

धारा 175 का संशोधन।

29. मूल अधिनियम की धारा 175 की उपधारा (3) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा तथा जब उल्लंघन या अननुपालन चालू रहने वाला हो तो ऐसे अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रत्येक ऐसे दिन के लिये, जिसके दौरान प्रथम उल्लंघन या अननुपालन के पश्चात् उल्लंघन या अननुपालन होता रहता है, दस रुपये होगा" शब्दों और चिन्हों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए होगा और जब उल्लंघन या अननुपालन जारी रहता है तो ऐसे अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसके दौरान प्रथम उल्लंघन या अननुपालन जारी रहता है, पचास रुपए होगा" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे।

धारा 180 का संशोधन।

30. मूल अधिनियम की धारा 180 में, "पचास रुपये, तथा अधिक से अधिक पांच सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "एक सौ रुपए और अधिक से अधिक चार हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

धारा 183 का संशोधन।

31. मूल अधिनियम की धारा 183 की उपधारा (1) में, "पच्चीस रुपये, तथा अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

धारा 184 का संशोधन।

32. मूल अधिनियम की धारा 184 की उपधारा (2) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

धारा 191 का संशोधन।

33. मूल अधिनियम की धारा 191 में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपए" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

धारा 192 का संशोधन।

34. मूल अधिनियम की धारा 192 की उपधारा (1) में, "पच्चीस रुपये, और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

35. मूल अधिनियम की धारा 193 की उपधारा (2) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 193 का संशोधन।

36. मूल अधिनियम की धारा 196 की उपधारा (1) में, "पच्चीस रुपयें और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 196 का संशोधन।

37. मूल अधिनियम की धारा 197 में,— धारा 197 का संशोधन।

(क) उपधारा (1) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे; और

(ख) उपधारा (2) में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

38. मूल अधिनियम की धारा 198 में, "पच्चीस रुपये से अन्यून और दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए से अन्यून और दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 198 का संशोधन।

39. मूल अधिनियम की धारा 199 में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 199 का संशोधन।

40. मूल अधिनियम की धारा 200 में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 200 का संशोधन।

41. मूल अधिनियम की धारा 207 में, "एक सौ रुपये और अधिक से अधिक पांच सौ रुपये होगा, और यदि ऐसी दोषसिद्धि के पश्चात् वह ऐसे निर्माण का ऐसे प्रयोजन के लिए उपयोग करता रहता है, तो ऐसे प्रत्येक दिन के लिये, धारा 207 का संशोधन।

जिसके दौरान उपयोग होता रहता है, पचास रुपये के अतिरिक्त जुर्माने का दायी होगा" शब्दों और चिन्हों के स्थान पर "एक हजार रुपए और अधिक से अधिक पांच हजार रुपए होगा, और यदि ऐसी दोषसिद्धि के पश्चात् वह ऐसे निर्माण का ऐसे प्रयोजन के लिए उपयोग करता है, तो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसके दौरान उपयोग जारी रहता है, पांच सौ रुपए के अतिरिक्त जुर्माने का दायी होगा" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे।

धारा 211 का संशोधन।

42. मूल अधिनियम की धारा 211 में,—

(क) उपधारा (1) में द्वितीय परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यह और कि उस व्यक्ति को, जिसे कार्य को बन्द करने या सन्निर्माण को हटाने का नोटिस परिदत्त हो गया है, तो सम्बद्ध अधिकारी/कर्मचारी चल रहे कार्य को रोकने या अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन में किए गए सन्निर्माण को हटाने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने के लिए आबद्धकर होगा। यदि अधिकारी/कर्मचारी ऐसा करने में असफल रहता है तो वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा और सुसंगत सेवा नियमों के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए दायी होगा :"; और

(ख) उपधारा (5) में, "एक हजार रुपये तक का हो सकता है, दायी होगा और यदि उल्लंघन जारी रहता है तो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके दौरान उल्लंघन जारी रहता है, पचास रुपये के अतिरिक्त जुर्माने का दायी होगा" शब्दों और चिन्हों के स्थान पर "पांच हजार रुपए तक का हो सकता है, दायी होगा और जब अननुपालन जारी रहता है, तो ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसके दौरान अननुपालन जारी रहता है, अतिरिक्त जुर्माने का जो पांच सौ रुपए तक का हो सकेगा, दायी होगा" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे।

धारा 221 का संशोधन।

43. मूल अधिनियम की धारा 221 की उपधारा (3) के खण्ड (1) में, "पांच सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

44. मूल अधिनियम की धारा 227 में, "पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपए और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 227 का संशोधन।

45. मूल अधिनियम की धारा 237 में, "पच्चीस रुपये तथा अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा, तथा चालू रहने वाले भंग की दशा में ऐसे अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा जो प्रथम भंग के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिये, जिसके दौरान भंग चालू रहता है, दस रुपये होगा" शब्दों और चिन्हों के स्थान पर "पांच सौ रुपए तथा अधिक से अधिक दो हजार रुपए होगा और भंग जारी रहने की दशा में, प्रथम भंग के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान भंग जारी रहता है, पचास रुपए के अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे। धारा 237 का संशोधन।

46. मूल अधिनियम की धारा 240 में, "पच्चीस रुपये तथा अधिक से अधिक दो सौ रुपये" शब्दों के स्थान पर "पांच सौ रुपये और अधिक से अधिक दो हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 240 का संशोधन।

47. मूल अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (1) में, "पांच रुपये" शब्दों के स्थान पर "पचास रुपए" शब्द रखे जाएंगे। धारा 248 का संशोधन।

48. मूल अधिनियम की धारा 279 की उपधारा (4) में, "पचास रुपये से कम और पांच सौ रुपये से अधिक" शब्दों के स्थान पर "एक हजार रुपए से कम और पांच हजार रुपए से अधिक" शब्द रखे जाएंगे। धारा 279 का संशोधन।

49. मूल अधिनियम की धारा 292 की उपधारा (3) में, "तीन मास तक की हो सकेगी, या" शब्दों और चिन्ह के पश्चात् "पांच सौ रुपए के" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे। धारा 292 का संशोधन।

उद्देश्यों और कारणों का कथन

हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्यांक 13) नगरपालिकाओं के गठन, इनकी शक्तियों और कृत्यों, वित्तीय नियन्त्रण, विकास और योजना तथा नगरपालिकाओं के निर्वाचन और निर्वाचन विवाद निवारण तन्त्र का उपबन्ध करता है तथा अधिनियम के अधीन अपराधों के लिए शास्तियों का भी उपबन्ध करता है। पूर्वोक्त अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों के अधीन उपबन्धित शास्तियां, वर्तमान समय और युग में नाममात्र की हैं। 25 रुपए से 200 रुपए तक की शास्ति का अधिरोपण बिल्कुल पर्याप्त नहीं समझा गया है और यह शास्ति के नाम पर केवल क्षमा ही है। नगरपालिका विधियों के अधीन विद्यमान शास्तियों की बाबत विवाद्यक, सी0 डब्लयू0पी0आई0एल0 नम्बर 28/2011 नामतः अभिषेक राय बनाम हिमाचल प्रदेश सरकार और अन्य की सुनवाई के दौरान, माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष भी आया है जिसमें माननीय उच्च न्यायालय ने संप्रेक्षित किया है कि सरकार को नगरपालिका विधियों के अधीन शास्तियों में बढ़ौतरी करने पर विचार करना चाहिए। इस विवाद्यक का परीक्षण किया गया और पूर्वोक्त अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों के अधीन उपबन्धित शास्तियों का बढ़ाया जाना न्यायसंगत और समुचित समझा गया है ताकि उपबन्धों को और अधिक भयोपरापी बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, उक्त अधिनियम की धारा 10 नगरपालिकाओं के गठन का उपबन्ध करती है। इस धारा के अधीन राज्य सरकार के पास नगरपालिका प्रशासन का विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले तीन से अनधिक व्यक्तियों को नामनिर्देशित करने की शक्ति है। अतः, नगरपालिका परिषदों में सदस्यों की संख्या को तीन से बढ़ाकर चार करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अतिरिक्त, कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियन्त्रित करने के आशय से शहरी और नगरपालिकाओं के साथ लगते क्षेत्रों में स्वामियों के व्यय पर पशुपालन विभाग की सहायता से पालतू कुत्तों के बंध्याकरण/टीकारण के लिए उपबन्ध करने का भी प्रस्ताव किया गया है और आवारा या अनभिज्ञात कुत्तों के मामले में व्यय, नगरपालिका निधि से वहन किए जाएंगे। इसलिए पूर्वोक्त अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों में संशोधन करने आवश्यक हो गए हैं।

यह विधेयक उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए है।

(सुधीर शर्मा)
प्रभारी मन्त्री।

शिमला :

तारीख :

वित्तीय ज्ञापन

–शून्य–

प्रत्यायोजित विधान सम्बन्धी ज्ञापन

–शून्य–

हिमाचल प्रदेश नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2016

हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्यांक 13) का और संशोधन करने के लिए **विधेयक**।

(सुधीर शर्मा)
प्रभारी मन्त्री।

(डॉ0 बलदेव सिंह)
प्रधान सचिव (विधि)।

शिमला :
तारीख : ....., 2016

इस संशोधन विधेयक द्वारा संभाव्य प्रभावित होने वाले हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्यांक 13) के उपबन्धों के उद्धरण

धाराएं :

10. नगरपालिकाओं का गठन.—(1) धारा 3 के अधीन गठित नगरपालिकाओं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और निर्वाचित सदस्यों की सात से अन्यून ऐसी संख्या होगी जो सरकार द्वारा नगरपालिका के निम्नलिखित जनसंख्या के मापदण्ड के अनुसार अवधारित की जाए :—

(i)	6150 से अधिक जनसंख्या के लिए	7 सदस्य
(ii)	6150 से अधिक किन्तु 12,300 से अनाधिक जनसंख्या के लिए	9 सदस्य
(iii)	12,300 से अधिक किन्तु 24,600 से अनधिक जनसंख्या के लिए	11 सदस्य
(iv)	24,600 से अधिक किन्तु 36,900 से अनधिक जनसंख्या के लिए	13 सदस्य
(v)	36,900 से अधिक किन्तु 49,200 से अनधिक जनसंख्या के लिए	15 सदस्य
(vi)	49,200 से अधिक किन्तु 61,500 से अनधिक जनसंख्या के लिए	17 सदस्य
(vii)	61,500 से अधिक जनसंख्या के लिए	19 सदस्य

परन्तु यथा–पूर्वोक्त सदस्यों का अवधारण तब तक नगरपालिका की संरचना को प्रभावित क्षेत्र में करेगा जब तक उस समय पद धारण करने वाले निर्वाचित पदावधि का अवसान नहीं हो जाता है :

परन्तु यह और कि राज्य के नगरीय क्षेत्र की औसत जनसंख्या वृद्धि दर की अपेक्षा उस नगरपालिका की जनसंख्या की वृद्धि दर के अधिक या कम होने के कारण, यथास्थिति, नगरपालिका में वार्डों (सीटों) की संख्या में बढ़ौतरी या कमी की दशा में, उस नगरपालिका के वार्डों (सीटों) की विद्यमान संख्या को उस दशा में भी बनाए रखा जाएगा।

(2) उपधारा (3) में यथा उपबन्धित के सिवाए, नगरपालिका में सभी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित सभी स्थान, नगरपालिका क्षेत्र में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चुने हुए व्यक्तियों से भरे जाएंगे और निर्वाचन के प्रयोजन के लिए उपायुक्त ऐसे नियमों के अनुसार जो सरकार द्वारा विहित की जाएं :—

(क) नगरपालिका क्षेत्र को वार्डों में इस रीति में विभाजित करेगा कि–

(i) प्रत्येक वार्ड में से एक सदस्य निर्वाचित किया जाएगा; और

(ii) प्रत्येक वार्ड में जनसंख्या को, यथासंभव समान रूप से बांटा जायेगा;

(ख) प्रत्येक वार्ड के क्षेत्रीय विस्तार को अवधारित करेगा; और

(ग) ऐसे वार्ड या वार्डों को अवधरित करेगा जिनमें धारा 11 के अधीन स्थान आरक्षित किए जाते हैं।

(3) नगरपालिका में इस धारा के अधीन वार्डों से सीधे निर्वाचन द्वारा चुने हुए व्यक्तियों के अतिरक्त, पूर्णतया या भागतः नगरपालिका क्षेत्र में समाविष्ट निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य विधान सभा के सदस्य भी मताधिकार सहित सदस्य होंगे।

(4) राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा, नगरपालिका प्रशासन में विशेष ज्ञान का अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को, जो तीन से अधिक नहीं होंगे, सदस्यों के रूप में नामनिर्दिष्ट कर सकेगी :

परन्तु यह कि व्यक्ति जिसने किसी नगरपालिका का ठीक पूर्ववर्ती चुनाव लड़ा हो और हारा हो, तो वह उस नगरपालिका या किसी अन्य नगरपालिका के सदस्य के रूप में, इस विद्यमान अवधि के दौरान राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और भी कि हिमाचल प्रदेश नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2003 के प्रारम्भ के पूर्व या पश्चात् इस उपधारा के अधीन नामनिर्दिष्ट कोई सदस्य राज्य सरकार के प्रसादपर्यन्त पद धारित करेगा, परन्तु इस अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (1) में यथा उपबंधित नगरपालिका की अवधि से परे नहीं।

(5) उपधारा (4) में निर्दिष्ट नामनिर्दिष्ट सदस्यों तथा नगरपालिका परिषद् की दशा में कार्यपालक अधिकारी को और नगर पंचायत की दशा में सचिव को नगरपालिका की बैठकों में उपस्थित होने तथा विचार–विमर्श में भाग लेने का अधिकार होगा परन्तु उन्हें मत देने का अधिकार नहीं होगा।

82. जानकारी देने का कर्त्तव्य.—(1) प्रत्येक व्यक्ति, नगरपालिका द्वारा इस निमित सम्यक्तः प्राधिकृत किसी अधिकारी की मांग पर, ऐसी जानकारी प्रस्तुत करेगा, जो यह अभिनिश्चय करने की दृष्टि से आवश्यक हो, कि क्या ऐसा व्यक्ति कोई नगरपालिका कर देने का दायी है, और प्रत्येक होटल या संवास–गृह का स्वामी या आवासीय क्लब का सचिव भी, यथापूर्वोक्त मांग किए जाने पर ऐसे होटल, संवास–गृह या क्लब में निवास करने वाले सभी व्यक्तियों की सूची प्रस्तुत करेगा।

(2) यदि तथाकथित कोई व्यक्ति, जिससे ऐसी जानकारी प्रस्तुत करने की इस प्रकार अपेक्षा की जाती है, ऐसा करने में लोप करता है या ऐसी जानकारी प्रस्तुत करता है, जो मिथ्या है, तो वह जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक पांच सौ रुपये होगा।

83. हकों के अन्तरण पर नोटिस.—(1) जब कभी ऐसी सम्पत्ति पर सम्पत्ति कर देने के प्रथमिक रूप से दायी किसी व्यक्ति का किसी निर्माण या भूमि पर हक अंतरित किया जाता है, तो अंतरक और अंतरिती, यदि अंतरण विलेख पंजीकृत किया जाए तो उसके पंजीकरण से तीन मास के भीतर, या यदि वह पंजीकृत न किया जाये तो उसके निष्पादन से तीन मास के भीतर या यदि कोई भी लिखित निष्पादित न की जाये, तो उसके वास्तविक अन्तरण से तीन मास के भीतर, ऐसे अंतरण का लिखित नोटिस नगरपालिका को देंगे।

(2) किसी सम्पत्ति पर कर देने का प्राथमिक रूप से दायी प्रत्येक व्यक्ति, जो यथापूर्वोक्त नगरपालिका को ऐसे अंतरण का नोटिस दिये बिना ऐसी सम्पत्ति पर अपना हक अन्तरित करता है, किसी अन्य दायित्व के अतिरिक्त, जो ऐसी उपेक्षा के कारण उसका बनना है, उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में समय–समय पर संदेय ऐसे सभी कर देने का तब तक दायी बना रहेगा, जब तक ऐसा नोटिस नहीं दे देता या जब तक नगरपालिका की बहियों में अन्तरण अभिलिखित नहीं कर दिया जाता।

(3) जब कभी किसी निर्माण या भूमि का हक किसी व्यक्ति पर विरासत से न्यायगत हो गया है, तो वारिस, पूर्व स्वामी की मृत्यु की तारीख से तीन मास के भीतर ऐसी विरासत का लिखित नोटिस नगरपालिका को देगा।

(4) इस धारा की किसी बात के सम्बन्ध में यह अभिनिर्धारित नहीं किया जाएगा कि वह उक्त करों के सम्बन्ध में अन्तरिती या वारिस के दायित्व को कम करती है या सम्बद्ध सम्पत्ति के बारे में देय करों की वसूली के लिए नगरपालिका के पूर्विक दावे को प्रभावित करती है।

(5) कोई भी व्यक्ति, जो उप–धारा (1) और (3) के उपबन्धों का उल्लंघन करता है, किसी अन्य शास्ति के अतिरिक्त, जो वह ऐसी उपेक्षा के कारण उपगत करता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा, और अनवरत भंग की दशा में, ऐसे अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दिन के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान भंग होता रहता है, दस रुपये होगा।

111. कब्रिस्तानों और श्मशानों के बारे में शक्तियां.—(1) नगरपालिका, सार्वजनिक नोटिस द्वारा आदेश कर सकती है कि नगरपालिका सीमाओं के भीतर या उनके एक किलोमीटर के भीतर स्थित कोई कब्रिस्तान या श्मशान, जिसका पड़ोस में निवास कर रहे व्यक्तियों के स्वास्थ्य के लिए संकटपूर्ण होना स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सूचित किया जाता है, नोटिस में नियत की जाने वाली तारीख से बन्द रहेंगे और यदि राज्य सरकार द्वारा ऐसा निदेश किया जाए तो, यह समझा जाएगा कि नगरपालिका ने ऐसे निदेश की अधिसूचना के एक मास के भीतर इस प्रकार आदेश किया है, और ऐसे मामले में, यदि युक्तियुक्त दूरी के भीतर कब्रिस्तान या श्मशान के लिए कोई उचित स्थान विद्यमान नहीं है तो उस प्रयोजन के लिए उचित स्थान की व्यवस्था करेगी।

(2) ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जो नगरपालिका इस निमित्त अधिरोपित करे, ऐसे कब्रिस्तान में से निजी कब्रिस्तानों को नोटिस से छोड़ा जा सकता है :

परन्तु ऐसे कब्रिस्तानों की सीमाएं पर्याप्त रूप से परिनिश्चित होंगी और वे केवल उनके स्वामियों के कुटुम्ब के सदस्यों को दफनाने के लिए ही उपयोग में लाए जायेंगे।

(3) किसी भी कब्रिस्तान या श्मशान को, चाहे वह सार्वजनिक हो या निजी, इस अधिनियम के प्रारम्भ के पश्चात् नगरपालिका की लिखित स्वीकृति के बिना, बनाया या विरचित नहीं किया जाएगा। ऐसी स्वीकृति तब तक नहीं दी जाएगी, जब तक स्वास्थ्य अधिकारी ने नगरपालिका की सूचना के लिए लिखित रूप में प्रमाणित न कर दिया हो कि ऐसा कब्रिस्तान या श्मशान लोक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला नहीं है :

परन्तु राज्य सरकार की स्वीकृति के बिना ऐसा कोई कब्रिस्तान या श्मशान बनाया या विरचित नहीं किया जाएगा।

(4) यदि कोई व्यक्ति, नगरपालिका की अनुज्ञा के बिना, ऐसे स्थान पर, जो कब्रिस्तान या श्मशान नहीं है, या किसी ऐसे कब्रिस्तान या श्मशान में, जो इस धरा के उपबन्धों के प्रतिकूल बनाया या विरचित किया गया, या उसे बन्द करने के लिए तद्धीन नियत तारीख के पश्चात् कोई शव दफनाता या जलाता है, अथवा दफनवाता या जलवाता है अथवा उसका दफनाया जाना या जलाया जाना अनुज्ञात करता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये तथा अधिक से अधिक पांच सौ रुपये होगा।

113. कुत्तों का स्वच्छन्द होना.—कोई भी व्यक्ति, जो किसी कुत्ते का स्वामी या भारसाधक है और जो उसे निम्नलिखित दशाओं में इस प्रकार अवरूद्ध करने में उपेक्षा करता है कि वह मुख–पट्टे के बिना किसी गली में स्वच्छन्द न घूमे—

(क) यदि ऐसे कुत्ते द्वारा किन्हीं यात्रियों को क्षुब्ध या अभित्रस्त किए जाने की सम्भावना है, या

(ख) यदि नगरपालिका ने अलर्क रोग फैलने के दौरान सार्वजनिक नोटिस द्वारा निर्दिष्ट किया है कि बिना मुख–पट्टे के कुत्ते स्वच्छन्द नहीं किए जाएंगे, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

114. हाथियों, भालुओं या ऊंटों का नियन्त्रण.—जो कोई भी किसी हाथी, भालू या ऊंट का प्रभारी होते हुए ऐसा अनुरोध करने पर, अपने हाथी, भालू या ऊंट को घोड़े की पहुंच से, जिस पर सवारी की जा रही हो या जिसे ले जाया जा रहा हो, जहां तक व्यवहार्य हो, सुरक्षित दूरी पर नहीं हटाता है, जुर्माने से जो बीस रुपये तक हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

115. लोक मार्ग के साथ–साथ हाथी को ले जाना.—जो कोई भी, नगरपालिका के आदेशों के विरूद्ध, हाथी को मार्ग के साथ–साथ ले जाता है, जुर्माने से, जो बीस रुपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

124. स्वास्थ्य के लिए क्षतिकर खेती का या खाद के उपयोग का या सिंचाई का प्रतिषेध.—(1) यदि स्वास्थ्य अधिकारी प्रमाणित करता है कि किसी ऐसे स्थान पर किसी प्रकार की फसल की खेती या किसी प्रकार की खाद का उपयोग या किसी विनिर्दिष्ट रीति में भूमि की सिंचाई,—

(क) किसी नगरपालिका क्षेत्र की सीमाओं के भीतर पड़ोस में निवास कर रहे व्यक्तियों के स्वास्थ्य के लिए क्षतिकर है या ऐसी क्रियाओं को सुकर बनाती है जो क्षतिकर है; या

(ख) किसी नगरपालिका क्षेत्र की सीमाओं के भीतर या बाहर, ऐसे नगरपालिका क्षेत्र के जल प्रदाय को संदूषित करती है या अन्यथा उसे पीने के प्रयोजनों के लिए अनुपयुक्त बनाती है;

तो नगरपालिका ऐसी फसल की खेती को, ऐसी खाद के उपयोग को या सिंचाई की ऐसी पद्धति के प्रयोग को, जिसके सम्बन्ध में इस प्रकार क्षतिकर होने की रिपोर्ट की गई है, रोक सकती है, या उनके बारे में ऐसी शर्तें अधिरोपित कर सकती है, जिनसे ऐसी क्षति या संदूषण निवारित किया जा सके :

परन्तु यदि राज्य सरकार द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि ऐसी फसल की खेती, ऐसी खाद का उपयोग या सिंचाई की ऐसी पद्धति का प्रयोग प्रतिषिद्ध है या उनके सम्बन्ध में अधिरोपित हैं, तो नगरपालिका के सम्बन्ध में यह समझा जाएगा कि उसने ऐसा प्रतिषेध लगाया है, या ऐसी शर्तें लगाई हैं, और वह अधिसूचना के अनुसार नोटिस जारी करेगी :

परन्तु यह और कि जब किसी भूमि पर, जिसे ऐसा प्रतिषेध लागू होता है, प्रतिषिद्ध कार्य खेती के सामान्य अनुक्रम में प्रतिषेध से तुरन्त पूर्व पांच वर्षों के दौरान किया जाता रहा है, तो उसमें हितबद्ध सभी व्यक्तियों को, ऐसे प्रतिषेध के प्रभाव के कारण हुए किसी नुकसान के लिए प्रतिकर नगरपालिका निधि में से दिया जाएगा।

(2) यदि कोई व्यक्ति उपधारा (1) के अधीन जारी किए गए प्रतिषेधात्मक नोटिस की तामील के छः मास के भीतर उसका अनुपालन करने में असफल रहता है, तो वह जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध होता रहता है, अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो दस रुपये होगा।

125. उद्वेजक तथा संकटपूर्ण व्यापार विनियम.—(1) किसी नगरपालिका क्षेत्र के भीतर किसी भी स्थान का उपयोग, स्वामी या अधिभोगी द्वारा नगरपालिका से प्राप्त तथा वर्षानुवर्ष नवीकरणीय अनुज्ञप्ति के अधीन के सिवाय, निम्नलिखित प्रयोजनों में से किसी के लिए नहीं किया जाएगा—

(क) चर्बी पिघलाना, कच्चा चमड़ा साफ करना, हड्डियां, मांसावशिष्ट या रक्त उबालना;

(ख) साबुन के कारखाने, तेल उबालने के कारखाने, रंगरेजी के कारखाने या चर्मशोधन के कारखाने;

(ग) ईंटों के क्षेत्र, ईंटों के भट्ठे, लकड़ी के कोयले के भट्ठे, मिट्टी के बर्तनों के कारखाने या चूने के भट्ठे;

(घ) कोई अन्य विनिर्माणशाला, इंजन गृह भंडार या कारबार स्थान, जिनसे उद्वेजक या अस्वास्थ्यकर गंध, गैसों, आवाजें या धुआं निकलता है;

(ङ) अनबुझा चूना, सूखी घास, भूसा, छप्पर डालने की घास, लकड़ी, काठ–कोयला या कोयला या खतरनाक रूप से सुदाह्य अन्य सामग्री में व्यापार करने के लिए वार्ड या आगार;

(च) किसी विस्फोटक के लिए या पैट्रोल या किसी सुदाह्य तेल या स्पिरिट के लिए भंडार।

(2) अनुज्ञप्ति देने से इन्कार तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक नगरपालिका का यह विचार नहीं है कि वह कारबार, जिसे स्थापित करना या बनाए रखना आशयित है, वहां निवास करने वाले या निकटतम पड़ोस में आने–जाने वाले व्यक्तियों के क्षोभ, उद्वेग या संकट का हेतुक होगा अथवा किसी क्षेत्र को, सामान्य कारणों के लिए, ऐसे कारबार की स्थापना से बचा रखना चाहिए।

(3) नगरपालिका, उपायुक्त द्वारा अनुमोदित किए जाने वाले माप–मान के अनुसार ऐसी अनुज्ञप्तियों के लिए कोई फीसें प्रभावित कर सकती हैं और उनके बारे में ऐसी शर्त अधिरोपित कर सकती है, जो वह आवश्यक समझे। अन्य शर्तों के साथ–साथ वह यह भी विहित कर सकती है कि ऐसे व्यापार से सम्बद्ध कोई भट्ठी, यथासाध्य अपना धुआं स्वयं ही खपा लेगी।

(4) कोई भी व्यक्ति जो अनुज्ञप्ति के बिना, किसी स्थान का उपयोग, किसी ऐसे प्रयोजन के लिए, जो इस धारा में विनिर्दिष्ट है या किसी ऐसी अनुज्ञप्ति की शर्त का उल्लंघन करते हुए करता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध चालू रहता है, दस रुपये के अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा।

126. नए कारखाने या कर्मशाला स्थापित करने के लिए नगर पालिका की सम्मति.—(1) किसी नगरपालिका क्षेत्र के भीतर, कोई भी व्यक्ति नगरपालिका की सम्मति प्राप्त किये बिना किसी नए कारखाने या कर्मशाला की स्थापना नहीं करेगा।

(2) नगरपालिका की सम्मति बिना शर्त के या इस शर्त के अध्यधीन दी जा सकती है कि उक्त कारखाने का स्वामी या उपयोगकर्ता कारखाने में नियोजित श्रमिकों या ऐसे श्रमिकों के किसी अनुपात या वर्ग के लिए पर्याप्त आवास–स्थान की व्यवस्था करेगा :

परन्तु नगरपालिका की सम्मति, ऐसे स्वामी या उपयोगकर्ता के ऐसी शर्त का अनुपालन करने से इनकार करने के सिवाये किसी कारण से रोकी नहीं जाएगी :

परन्तु यह और कि यदि नगरपालिका आवेदन की तारीख से दो मास की अवधि के भीतर अपनी सम्मति देने में उपेक्षा या लोप करती है, तो ऐसी सम्मति बिना शर्त के दी गई समझी जाएगी।

(3) कोई भी व्यक्ति, जो उप–धारा (1) या उप–धारा (2) के उपबन्धों का भंग करता है, दोषसिद्धि पर जुर्माने से दण्डनीय होगा जो कम से कम एक सौ रुपये और अधिक से अधिक एक हजार रुपये होगा और यदि भंग चालू रहने वाला हो तो अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान प्रथम भंग के पश्चात् भंग चालू रहता है, एक सौ रुपये होगा।

127. अनुज्ञप्त परिसरों से भिन्न स्थानों में सिनेमैटोग्राफ और नाट्य अभिनयों पर प्रतिषेध.—(1) किसी सिनेमैटोग्राफ अथवा अन्य समरूप साधित्र के माध्यम से चित्रों या अन्य दृश्यों का कोई भी प्रदर्शन, जिसके प्रयोजन के लिए, ज्वलनशील फिल्में प्रयोग में लाई जाती हैं, और कोई भी सार्वजनिक नाट्य अथवा सर्कस अभिनय या मूकाभिनय किसी नगरपालिका–क्षेत्र में ऐसे परिसरों से भिन्न स्थानों में नहीं किया जाएगा, जिनके लिए नगरपालिका द्वारा इस धारा के अधीन कोई अनुज्ञप्ति दी गई है।

(2) यदि इस धारा के उपबन्धों के, या इस धारा के अधीन दी गई किसी अनुज्ञप्ति की किसी शर्त के उल्लंघन में किसी सिनेमैटोग्राफ या अन्य साधित्र का स्वामी ऐसे उपकरण का उपयोग करता है या उसका उपयोग अनुज्ञात करता है, अथवा कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक नाट्य या सर्कस अभिनय या मूकाभिनय में भाग लेता है, या किन्हीं परिसरों का अधिभोगी उन परिसरों का उपयोग अनुज्ञात करता है, तो वह जुर्माने का दायी होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा और चालू रहने वाले अपराध की दशा में अतिरिक्त शास्ति का दायी होगा, जो प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध होता रहता है, पचास रुपये हो सकती है और अनुज्ञप्ति, यदि कोई हो, नगरपालिका द्वारा प्रतिसंहृत की जा सकती है।

128. व्यापारों को प्रतिषिद्ध करने की शक्ति.—(1) जब कभी ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्ववर्ती धाराओं के अधीन पंजीकृत या अनुज्ञप्त कोई स्थान पड़ोस के लिए कोई न्यूसेन्स है या उसका

जीवन, स्वास्थ्य या सम्मति के लिए संकटपूर्ण होना संभाव्य है, तो नगरपालिका उसके अधिभोगी से ऐसे स्थान का उपयोग बन्द करने या उसमें ऐसे परिवर्धन, परिवर्तन या सुधार करने की अपेक्षा कर सकती है, और यदि राज्य सरकार द्वारा इस प्रकार अपेक्षित हो तो ऐसा करेगी, जिससे नगरपालिका की राय में वह न्यूसेन्स या संकटपूर्ण न रह जाए।

(2) जो कोई भी व्यक्ति, इस धारा के अधीन दिए गए किसी नोटिस के पश्चात् ऐसी किसी रीति में ऐसे स्थान का उपयोग करता है या उसका उपयोग अनुज्ञात करता है जिससे ऐसा करना पड़ोसी के लिए न्यूसेन्स या संकटपूर्ण बन जाता है या ऐसे परिवर्तन, परिवर्धन या सुधार नहीं करता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा जो कम से कम पचास रुपये और अधिक से अधिक पांच सौ रुपये होगा और प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध होता रहता है, पचास रुपये के अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा।

129. वाष्प–चालित सीटियों इत्यादि का प्रयोग.—(1) कोई भी व्यक्ति किसी भी कारखाने या अन्य स्थान पर किसी भी प्रकार की सीटी या तुरही या ऐसी किसी अन्य यांत्रिक प्रयुक्ति, जो अरूचिकर शोर उत्सर्जन करती है, का प्रयोग, कर्मकारों या नियोजित व्यक्तियों को बुलाने या विसर्जित करने के प्रयोजन के लिए नहीं करेगा, न ही कोई व्यक्ति किसी प्रयुक्ति द्वारा ऐसे किसी कारखाने या स्थान पर उत्सर्जित शोर को, निकासी पाईप या इंजन द्वारा, नगरपालिका की लिखित अनुज्ञा के बिना नहीं बढ़ाएगा, ऐसी अनुज्ञा प्रदान करते समय नगरपालिका ऐसी सीटी या तुरही या अन्य प्रयुक्ति के प्रयोग के समय को निर्बन्धित करते हुए ऐसी शर्तें अधिरोपित कर सकेगी जैसी वह उचित समझे।

(2) नगरपालिका उप–धारा (1) के अधीन दी गई किसी भी अनुज्ञा को एक मास का नोटिस देकर प्रतिसंहृत कर सकेगी।

(3) जो कोई इस धारा के उपबन्धों का उल्लंघन करते हुए किसी भी प्रकार की सीटी, तुरही या प्रयुक्ति का प्रयोग या नियोजन करता है, ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा जो पचास रुपये तक हो सकेगा और अतिरिक्त जुर्माने से जो प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध जारी रहता है, पांच रुपये तक हो सकेगा।

133. जन प्रदाय के किसी स्रोत के निकट शौचालयों, आदि का हटाया जाना.—(1) नगरपालिका, नोटिस द्वारा, किसी स्वामी या अधिभोगी से, जिसकी भूमि पर कोई नाली, शौचगर्त, शौचालय, मूत्रालय, मलकुण्ड अथवा गन्दगी या कूड़ा–कर्कट का कोई अन्य आधान तत्समय किसी ऐसे चश्में, कूप, तालाब, जलाशय या अन्य स्रोत के पचास फुट के भीतर विद्यमान है, जहां से सार्वजनिक उपयोग के लिए जल प्राप्त किया जाता है या प्राप्त किया जा सकता है, अपेक्षा कर सकती है कि वह ऐसे नोटिस की तामील से एक सप्ताह के भीतर उसे हटा दे या बन्द कर दे।

(2) कोई भी व्यक्ति, जो नगरपालिका की अनुज्ञा के बिना, इस धारा के अधीन नोटिस के पश्चात् एक सप्ताह से दीर्घतर समय के लिए कोई नाली, शौचगर्त, शौचालय, मूत्रालय, मलकुण्ड अथवा गन्दगी या कूड़ा–कर्कट का कोई अन्य आधान, किसी ऐसे चश्में, कूप, तालाब, जलाशय या अन्य स्रोत के पचास फुट के भीतर बनाता है या रखता है, जहां से सार्वजनिक उपयोग के लिए जल प्राप्त किया जाता है या प्राप्त किया जा सकता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा और कोई नोटिस जारी किए जाने पर हटाए जाने के लिए अनुज्ञात अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए, जिसके दौरान अपराध होता रहता है, दस रुपये के अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा।

135. प्राधिकार के बिना नालियां बनाना या उनमें परिवर्तन करना.—कोई भी व्यक्ति, जो नगरपालिका की अनुज्ञा के बिना नगरपालिका के निहित किन्हीं मल–प्रणालों या जल–निकाय नालियों में मिलने वाली कोई नाली बनाता या बनवाता है अथवा उसमें परिवर्तन करता है, या करवाता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

140. नगरपालिका की अनुज्ञा के बिना मुख्य नल के साथ सम्बन्धन का न किया जाना.—(1) नगरपालिका की अनुज्ञा के बिना कोई भी व्यक्ति किसी भी समय किसी भी प्रयोजन के लिए, चाहे वह जो भी हो, नगरपालिका द्वारा सन्निर्मित या अनुरक्षित या उसमें निहित किसी केबिल, तार, नली, जोड़चूड़ी, नाली, मल–प्रणाल या सरणी के साथ कोई सम्बन्धन या संचार नहीं करेगा या करवाएगा।

(2) उप–धारा (1) के निबन्धनों के उल्लंघन में कार्य करने वाला कोई भी व्यक्ति जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

143. हैजा, चेचक आदि की सूचना देना.—कोई भी व्यक्ति, जो—

(क) चिकित्सा व्यवसायी है या खुले आम और निरन्तर चिकित्सा व्यवसाय करता है और जिसे ऐसे व्यवसाय के अनुक्रम में सार्वजनिक चिकित्सालय से भिन्न किसी आवास में किसी संक्रामक रोग के विद्यमान होने का संज्ञान है;

(ख) ऐसे आवास का स्वामी या अधिभोगी है, और उसे ऐसे रोग के विद्यमान होने का संज्ञान है; या

(ग) ऐसे आवास में ऐसे किसी रोग से ग्रस्त किसी व्यक्ति का भारसाधक है या उसकी सेवा में उपस्थित रहने वाला व्यक्ति है और उसे उसमें रोग के विद्यमान होने का संज्ञान है;

स्वास्थ्य अधिकारी को या किसी अन्य अधिकारी को, जिसे नगरपालिका ऐसे रोग के विद्यमान होने के बारे में सूचना दी जानी अपेक्षित करे, तत्काल सूचना देने में असफल रहता है, या जानबूझकर मिथ्या सूचना देता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

146. रोगाणुयुक्त गृह किराए पर देने के लिए शास्ति.—प्रत्येक व्यक्ति, जो कोई ऐसा गृह या अन्य निर्माण या ऐसे गृह या निर्माण का कोई भाग, जिसमें कोई व्यक्ति किसी संक्रामक रोग से ग्रस्त रहा है, किसी ऐसे गृह या अन्य निर्माण या उसके भाग और उसमें की सभी वस्तुओं को, रोगाणु रहना संभावित है, नगरपालिका के समाधानप्रद रूप में रोगाणुनाशन जिनमें बिना, किराये पर देता है, शास्ति का दायी होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगी।

स्पष्टीकरण.—इस धारा के प्रयोजन के लिए किसी होटल या आवास गृह के मालिक के सम्बन्ध में यह समझा जाएगा कि उसने अपने होटल या आवासगृह में अतिथि के रूप में प्रविष्ट व्यक्ति को अपने गृह का भाग किराए पर दिया है।

148. कतिपय रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों द्वारा किए गए कार्य.—कोई भी व्यक्ति, जो किसी संक्रामक, सांसर्गिक या घृणित रोग से ग्रस्त होते हुए,—

(क) मानवीय उपभोग के लिए खाने या पीने की कोई वस्तु या कोई औषध या औषधि बनाता है या विक्रय के लिए प्रस्थापित करता है; या

(ख) अन्य द्वारा विक्रय के लिए रखी ऐसी किसी वस्तु, औषध या औषधि को छूता है; या

(ग) मैले वस्त्र धोने या वहन करने के कारबार में कोई भाग लेता है;

जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

149. जीव–जन्तुओं का ऐसे रखा जाना कि वे स्वास्थ्य के लिए क्षतिकर हों.—कोई भी व्यक्ति, जो किन्हीं ऐसे आदेशों की अवहेलना में, जो नगरपालिका ने सुअरों और अन्य जीव जन्तुओं को न्यूसेन्स बन जाने से, या निवासियों या जीव–जन्तुओं के स्वास्थ्य के लिए क्षतिकर होने से निवारित करने के लिए किए हों, कोई सुअर या अन्य जीव–जन्तु रखता है, पचास रुपये के और पश्चात्वर्ती प्रत्येक ऐसे अपराध के लिए एक सौ रुपये के जुर्माने से दण्डनीय होगा।

150. पशुओं को हानिकारक पदार्थ खिलाना.——जो कोई भी, किसी ऐसे पशु को, जिसे दुग्ध उद्योग के प्रयोजन के लिए रखा गया है या जिसका उपयोग आहार के लिए किया जा सकता है, हानिकारक पदार्थ, गन्दगी या किसी भी प्रकार का कचरा खिलाता है या खिलाने की अनुमति देता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पचास रुपये तक का हो सकेगा।

कोई व्यक्ति–

(क) किसी सार्वजनिक स्थान में बन्दरों, लंगूरों तथा अन्य आवारा पशुओं को खिलाएगा नहीं;

(ख) सार्वजनिक स्थान, लोक सड़क, लोक मार्ग या दीवारों पर थूकेगा नहीं; या

(ग) इस प्रयोजन के लिए नगरपालिका द्वारा उपलब्ध डिब्बा (कंटेनर) के अलावा किसी सार्वजनिक स्थान, सड़क, भाग या खुली पहाड़ियों पर किसी भी प्रकार का कूड़ा–कचरा (रिफयूज) आदि नहीं फेंकेगा।

स्पष्टीकरण.——खण्ड (क) के प्रयोजन के लिए पद "सार्वजनिक स्थान" में मन्दिर सम्मिलित नहीं होंगे।

(3) जो कोई भी उपधारा (2) के उपबन्धों का उल्लंघन करता है, वह, नगरपालिका द्वारा ऐसे सार्वजनिक स्थान, सड़क, मार्ग या खुली पहाड़ियों से ऐसे कूड़ा–कचरा (रिफयूज) आदि को साफ करने या हटाने हेतु उपगत अन्य प्रभारों के अतिरिक्त, जुर्माने से, जो पांच सौ रुपए तक को हो सकेगा, दण्डनीय होगा।

152. अव–मानक खाद्य पदार्थ और पेय के विक्रय के लिए शास्ति.——(1) जो कोई भी, किसी क्रेता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली किसी खाद्य या पेय की वस्तु को बेचता है, जो क्रेता द्वारा मांगी गई वस्तु की प्रकृति, तत्व या क्वालिटी की नहीं है, जुर्माने से, जो पांच सौ रुपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा :

परन्तु निम्नलिखित दशाओं में अपराध, इस धारा के अधीन किया गया नहीं समझा जाएगा, अर्थात् :——

(क) जहां कोई पदार्थ या संघटक जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक न हो, खाद्य या पेय में उसके उत्पादन या तैयार करने, वाणिज्यिक तौर पर उसे वहन करने या उसे उपभोग के लिए

ठीक रखने के लिए मिलाया गया हो और उसे परिणाम, भार या मात्रा को बढ़ाने के लिए या घटिया क्वालिटी को छिपाने के लिए कपटपूर्वक न मिलाया गया हो;

(ख) जहां खाद्य या पेय में, एकत्रीकरण या तैयार करने की प्रक्रिया में कोई बाह्य पदार्थ अपरिहार्य तौर पर मिलाया गया हो।

(2) इस धारा के अधीन किसी भी अभियोजन में, यह अधिकथित करना कि विक्रेता, उस द्वारा विक्रय की गई वस्तु की प्रकृति, तत्व या क्वालिटी से अनभिज्ञ था या क्रेता ने ऐसी वस्तु केवल विश्लेषण के लिए लाई है जिससे विक्रय पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है, प्रतिरक्षा नहीं होगी।

(3) इस धारा के उपबन्ध खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 के उपबंधों के अतिरिक्त न कि उसके अल्पीकरण में होंगे।

159. हानिकर पदार्थ हटाने में असफलता.—कोई भी व्यक्ति, जो किसी निर्माण या किसी भूमि का स्वामी या अधिभोगी है, धूल, गोबर, हड्डियां, राख, विष्ठा या गन्दगी या हानिकर या उद्वेजक पदार्थ ऐसे निर्माण या भूमि के अन्दर या उसके ऊपर किसी उचित आधान या गड्ढे से भिन्न किसी स्थान पर चौबीस घण्टे से अधिक के लिए रखता है या जानबूझ कर या उपेक्षावश रखने देता है या किसी ऐसे आधान या गड्ढे को गन्दी या हानिकर दशा में रहने देता है या उसे साफ और शुद्ध कराने के लिए उचित साधनों का प्रयोग करने में उपेक्षा करता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

162. बालकों तथा अन्यों द्वारा न्यूसेन्स.—कोई भी व्यक्ति, जो अपने नियंत्रणाधीन किसी ऐसे व्यक्ति को, जिसे भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 82, 83 तथा 84 के उपबन्ध लागू होते हैं, किसी मार्ग में या किसी सार्वजनिक मल–प्रणाल या नाली में या उसमें मिलने वाली किसी नाली में कोई न्यूसेन्स करने देता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

166. अपमार्जन आदि.—(1) कोई भी व्यक्ति, किसी आधान में मल का अपने सिर पर वहन नहीं करेगा।

(2) कोई भी व्यक्ति, जो 18 वर्ष की आयु से अधिक का नहीं है, गृहापमार्जन या झाड़ू लगाने के काम में किसी व्यक्ति द्वारा नहीं लगाया जाएगा।

(3) कोई भी व्यक्ति, जो इस धारा के उपबन्धों का उल्लंघन करता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

172. जीव–जन्तुओं के विक्रयार्थ वध के लिए स्थान.––(1) नगरपालिका, उपायुक्त के अनुमोदन से, या तो नगरपालिका क्षेत्र की सीमाओं के भीतर अथवा उससे बाहर जीव–जन्तुओं के या ऐसे जीव–जन्तुओं के किसी विनिर्दिष्ट प्रकार के विक्रयार्थ वध के लिए परिसर नियत कर सकती है, और यदि राज्य सरकार द्वारा ऐसा अपेक्षित हो तो नियत करेगी, और तत्सदृश अनुमोदन से ऐसे परिसरों के प्रयोग के लिए अनुज्ञप्तियां प्रदान कर सकती है और उनको वापस ले सकती है, या यदि ऐसे परिसर नगरपालिका के हों, तो उनके प्रयोग के लिए किराया अथवा फीसें प्रभारित कर सकती है।

(2) जब नगरपालिका द्वारा ऐसे परिसर, नगरपालिका क्षेत्र की सीमाओं के बाहर नियत किए गए हैं, तो वह उनका निरीक्षण तथा विनियमन, उप–विधियों के अनुसार करेगी, मानों वे नगरपालिका क्षेत्र की सीमाओं के भीतर ही हों।

(3) जब ऐसा कोई परिसर नियत कर दिया गया है, तो कोई भी व्यक्ति नगरपालिका क्षेत्र के भीतर किसी अन्य स्थान पर ऐसे किसी जीव–जन्तु का विक्रयार्थ वध नहीं करेगा।

(4) यदि कोई स्थान इस प्रकार नियत किए गये हैं, तो कोई व्यक्ति, जो इस धारा के अधीन नगरपालिका द्वारा नगरपालिका क्षेत्र के भीतर नियत स्थान से भिन्न किसी स्थान पर किसी जीव–जन्तु का विक्रयार्थ वध करता है, ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

173. मृत जीव–जन्तुओं का व्ययन.––(1) जब कभी किसी व्यक्ति के भर साधन में कोई जीव–जन्तु विक्रयार्थ अथवा किसी धार्मिक प्रयोजन के लिए वध से अन्यथा मर जाता है, तो उस जीव–जन्तु का भार–साधक व्यक्ति चौबीस घण्टे के भीतर या तो––

(क) नगरपालिका द्वारा जीव–जन्तुओं के शवों के व्ययन के लिए धारा 154 के अधीन नियत किसी स्थान को, यदि कोई हो, अथवा ऐसे किसी स्थान को जो नगरपालिका क्षेत्र की सीमाओं से कम से कम एक किलोमीटर बाहर हो, शव को पहुंचाएगा; या

(ख) जीव–जन्तु की मृत्यु पर नगरपालिका को नोटिस देगा, जिस पर नगरपालिका शव का व्ययन कराएगी।

(2) उप–धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन किसी जीव–जन्तु के शव के व्ययन के सम्बन्ध में, नगरपालिका ऐसी फीस प्रभारित कर सकती है, जो नगरपालिका ने सार्वजनिक नोटिस द्वारा विहित की हो।

(3) इस धारा के प्रयोजन के लिए "जीव जन्तु" शब्द से, सभी सींगधारी पशु, हाथी, ऊँट घोड़ा, टट्टू, गधे, खच्चर, हिरण, भेड़–बकरियां, सुअर तथा अन्य बड़े जीव–जन्तु अभिप्रेत समझे जाएंगे।

(4) इस धारा की उप–धारा (1) के अनुसार कार्य करने के लिए आबद्ध कोई व्यक्ति, यदि वह ऐसा कृत्य करने में असफल रहता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

175. वृक्षों का काटने, निर्माणों के परिनिर्माण या तोड़ने के समय मार्गों का संरक्षण.––(1) कोई भी व्यक्ति, नगरपालिका की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना, ऐसे किन्हीं पेड़ों को नहीं काटेगा या किसी पेड़ की किसी शाखा को नहीं काटेगा, या किसी निर्माण अथवा उसके किसी भाग को परिनिर्मित या भंजित नहीं करेगा या किसी निर्माण की बाहर की तरफ परिवर्तन या मुरम्मत नहीं करेगा, जहां ऐसी कार्रवाई की प्रकृति ऐसी है जिससे किसी मार्ग का प्रयोग करने वाले किसी व्यक्ति के लिए अवरोध, संकट या क्षोभ का जोखिम कारित होता है।

(2) नगरपालिका, किसी समय, नोटिस द्वारा अपेक्षा कर सकती है कि उप–धारा (1) में निर्दिष्ट कार्यों में से कोई कार्य करने वाला या करने की प्रस्थापना करने वाला कोई व्यक्ति, उस कार्य को आरम्भ करने से या चालू रखने से विरत रहेगा, जब तक वह ऐसे विज्ञापन पट्टे या पर्दे, जो नोटिस में विनिर्दिष्ट या वर्णित किये गये हैं, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सहित सूर्यास्त से सूर्योदय तक नहीं लगाता है, नहीं बनाए रखता है और उनकी व्यवस्था नहीं करता है और नगरपालिका आगे किसी समय, नोटिस द्वारा अपेक्षा कर सकती है कि उक्त कार्यों में किसी कार्य के पूर्वानुमान में या उसके अनुसरण में परिनिर्मित किसी विज्ञापन–पट्ट को, नोटिस में विनिर्दिष्ट किये जाने वाले समय के भीतर हटाया जाए।

(3) कोई भी व्यक्ति, जो उप–धारा (1) के उपबन्धों का उल्लंघन करता है या उप–धारा (2) के अधीन किसी नोटिस के निबन्धनों का अनुपालन करने में असफल रहता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा तथा जब उल्लंघन या अननुपालन चालू रहने वाला हो तो ऐसे अतिरिक्त जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रत्येक ऐसे दिन के लिये, जिसके दौरान प्रथम उल्लंघन या अननुपालन के पश्चात् उल्लंघन या अननुपालन होता रहता है, दस रुपये होगा।

180. शास्ति.——कोई भी व्यक्ति, जो धारा 176 द्वारा अपेक्षित नोटिस दिये बिना या इस अधिनियम की धारा 178 के अधीन किये गये किन्हीं लिखित निदेशों के या किसी उप–विधि या इस अधिनियम के उपबन्ध के उल्लंघन में किसी मार्ग का अभिन्यास करना या बनाना आरम्भ करता है, चालू रखता है या पूरा करता है, जुर्माने का दायी होगा जो कम से कम पचास रुपये तथा अधिक से अधिक पांच सौ रुपये होगा।

183. मार्ग पर अतिक्रमण या प्रलम्बी संरचना के लिए दण्ड.——(1) कोई भी व्यक्ति, जो नगरपालिका की लिखित अनुज्ञा के बिना, मार्ग पर या उसके नीचे किसी मल–प्रणाल, या जलमार्ग पर या उसके ऊपर अथवा नीचे कोई स्थावर अतिक्रमण करता है, या उक्त भूतल के ऊपर किसी स्थान पर किसी मार्ग की ओर बाहर निकली हुई कोई स्थावर प्रलम्बी संरचना परिनिर्मित करता है या पुनः परिनिर्मित करता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये तथा अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा।

(2) उप–धारा (1) के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, नगरपालिका, नोटिस द्वारा किसी व्यक्ति से, जिसने उक्त उप–धारा के उपबन्धों को भंग किया है, अप्राधिकृत सन्निर्माण को तुरन्त बन्द करने तथा सात दिन की अवधि के भीतर यथा पूर्वोक्त ऐसे स्थावर अतिक्रमण या प्रलम्बी संरचना को हटाने या परिवर्तित करने की अपेक्षा कर सकती है और यदि ऐसा व्यक्ति सात दिन की उक्त अवधि के भीतर नगरपालिका को समाधानप्रद रूप में हेतुक दर्शित करने में उसफल रहता है, तो नगरपालिका स्वयं ऐसे उपाय कर सकती है, जो उसे आदेश को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक प्रतीत हों, और ऐसे उपायों का खर्च, यदि उससे मांग की जाने पर संदत्त नहीं किया जाता, तो ऐसे व्यक्ति से भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूली योग्य होगा।

184. सार्वजनिक मार्ग के अधिभोग की अनुज्ञा देने तथा अवरोध हटाने की शक्ति.——(1) नगरपालिका, ऐसी शर्तों पर, जो मार्ग से गुजरने वाले या पड़ोस में निवास करने वाले या कार्य करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा या सुविधा के लिए उपायुक्त द्वारा अनुमोदित की जाएं, किसी व्यक्ति को निम्नलिखित के लिए अनुज्ञा दे सकती है, और स्वविवेकानुसार अनुज्ञा वापस ले सकती है——

(क) किसी सार्वजनिक मार्ग के भूतल पर या किसी मल–प्रणाल, नाली या चल–मार्ग पर या उसके ऊपर कोई जंगम अतिक्रमण रखना या उक्त भूतल के ऊपर किसी स्थान पर ऐसे सार्वजनिक मार्ग की ओर बाहर निकली हुई कोई चल प्रलम्बी संरचना बनाना;

(ख) किसी सार्वजनिक मार्ग के बाड़ों या खम्बों के लिए खड़ंजा या अन्य सामग्री को उठाना या परिवर्तित करना;

(ग) किसी सार्वजनिक मार्ग पर निर्माण सामग्री, विक्रय के लिए सामान या अन्य वस्तुओं का जमा करना या जमा कराना;

(घ) किसी मार्ग के ऊपर, उसके अन्दर या उसके नीचे कोई सुराख करना या खुदाई करना, या किसी मार्ग के नीचे से सामग्री हटाना, जिससे तल के धंस जाने का जोखिम कारित हो; या

(ङ) किसी सार्वजनिक मार्ग में कोई बाड़, खम्बा, स्टाल या पाड़, परिनिर्मित करना या स्थापित करना;

और ऐसी अनुज्ञा के लिए उपायुक्त द्वारा अनुमोदित किए जाने वाले माप मान के अनुसार फीसें प्रभारित कर सकती है।

(2) कोई भी व्यक्ति, जो नगरपालिका की लिखित अनुज्ञा के बिना उप–धारा (1) में वर्णित कार्यों में से कोई कार्य करता है, जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो कम से कम पच्चीस रुपये और अधिक से अधिक दो सौ रुपये होगा और नगरपालिका या कार्यपालक अधिकारी या, सचिव या स्वास्थ्य अधिकारी या नगरपालिका द्वारा प्राधिकृत कोई व्यक्ति,––

